हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 16 नवंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी आवासन मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज रोहतक जिला प्रशासन के 2 पोर्टल जारी किए। इन पोर्टल के जरिए जनता की समस्याओं का हल होगा और प्रशासन तक आम आदमी की पहुंच आसान होगी।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि नमस्ते रोहतक पोर्टल चैटबोट के जरिए काम करेगा। इस में लोग नमस्ते बोल कर अपनी समस्या को प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे और प्रशासन की यह पहल चैटबोट के जरिए अधिकारियों की जवाब देही तय करेगी।

वहीं दूसरे प्रशासन पहल नाम के पोर्टल में एक क्यू आर कोड दिया गया जिसको स्कैन करने के बाद किसी विभाग के बारे सही जानकारी मिलेगी, अगर किसी को उस विभाग में कोई समस्या आ रही है, तो वह अपनी प्रतिक्रिया दर्ज कर सकेंगे। जिस को देख कर विभाग आवश्यक सुधार कर सकेगा। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में श्री मनोहर लाल ने बिहार चुनाव में मिली जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे सुशासन की जीत बताया।

---

अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के अंतर्गत आज गीता मैराथन का आयोजन किया गया। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन में सैकड़ों पुरुषों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। कार्यक्रम स्थल पर पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, भाजपा जिला

अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के अधिकारी, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए इस अवसर पर राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने गीता उपदेश का उल्लेख करते हुए प्रतिभागियों को फल की इच्छा किए बिना कर्म करने के लिए प्रेरित किया। वहीं मीडिया से बातचीत में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि आज गीता जयंती महोत्सव की गूंज केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विश्वभर में सुनाई दे रही है। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने बताया कि हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में आने वाले पर्यटकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। बीते वर्ष जहां लगभग 45 लाख पर्यटक पहुंचे थे, वहीं इस वर्ष यह आंकड़ा 60 लाख पार करने की उम्मीद है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने फरीदाबाद स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय के खिलाफ दो अलग-अलग प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की हैं। यह एफ.आई.आर. धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं के अंतर्गत दर्ज की गई है। दिल्ली पुलिस के अनुसार अपराध शाखा के एक दल ने कल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के ओखला में अल-फलाह विश्वविद्यालय के मुख्यालय का दौरा किया। दिल्ली पुलिस ने विश्वविद्यालय को एक नोटिस जारी कर कुछ दस्तावेज मांगे हैं। पुलिस ने बताया है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद की समीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय में गंभीर अनियमितताओं का पता लगने के बाद ये एफआईआर दर्ज की गई है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

दिल्ली मेट्रो के लाल किला स्टेशन के सभी गेट यात्रियों के लिए खुल गए हैं। 10 नवंबर को लाल किले के पास एक कार में हुए विस्फोट के बाद लाल किला मेट्रो स्टेशन बंद कर दिया गया था।

---

कैथल में कल एन आई आई एल एम यूनिवर्सिटी से कैथल तक एकता यात्रा निकाली गई। मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी भी हिसार के गाँव खरक जाते समय एकता यात्रा के लिए रुके और प्रतिभागियों का हौंसला बढ़ाया। यात्रा में सांसद नवीन जिंदल भी शामिल हुए और सभी को सरदार पटेल के एकता के सन्देश अनुसार राष्ट्रीय एकता मजबूत करने का आह्वान किया।

---

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर कल फरीदाबाद के सेक्टर-12 में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के पंचायत एवं विकास, खनन एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर बल्लभगढ़ के विधायक एवं पूर्व मंत्री मूलचंद शर्मा भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया और फरीदाबाद में स्थापित वनवासी कल्याण आश्रम के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा की।

---

जननायक बिरसा मुंडा की जयंती और महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह के प्रेरणास्रोत करतार सिंह सराभा की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में कल भिवानी के चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र नेता सुमित बराड़ के नेतृत्व में सभी छात्र नेताओं ने मिलकर विश्वविद्यालय परिसर में त्रिवेणी का रोपण कर दोनों महापुरुषों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि आयुष विभाग में दवा प्रबंधन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी व जवाबदेह बनाने के लिए ड्रग इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम प्रारंभ किया गया है। इस प्रणाली के माध्यम से दवाओं की उपलब्धता, स्टॉक स्थिति, वितरण और उपयोग संबंधी सभी रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध होंगे, जिससे प्रबंधन सरल, आधुनिक और त्रुटिरहित बनेगा। यह कदम आयुष सेवाओं की गुणवत्ता को नई ऊंचाई देगा उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार राज्य में आयुष सेवाओं को अधिक सशक्त, पारदर्शी, व्यवस्थित और जनहितकारी बनाने के लिए बड़े और ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी के दूरदर्शी नेतृत्व में आज आयुष क्षेत्र में व्यापक सुधार और आधुनिकीकरण किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और विश्वसनीय उपचार उपलब्ध हो सके।

---